प्रेस विज्ञप्ति

22 **मार्च** 2023

पीएफसी ने जापान बैंक फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन (जेबीआईसी) के साथ जेपीवाई 2.65 बिलियन के परियोजना ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए

श्री आर.एस. ढिल्लों, सीएमडी, पीएफसी और श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, निदेशक (वित्त), पीएफसी, श्री उचिदा मकोतो, प्रबंध कार्यकारी अधिकारी, जेबीआईसी के साथ जेबीआईसी मुख्यालय टोक्यो, जापान में आयोजित परियोजना ऋण समझौते पर हस्ताक्षर कार्यक्रम के दौरान

पीएफसी, एक महारत्न कंपनी और भारतीय विद्युत क्षेत्र में अग्रणी एनबीएफसी, ने हाल ही में जेबीआईसी मुख्यालय, टोक्यो, जापान में आयोजित प्रोजेक्ट लोन एग्रीमेंट (पीएलए) हस्ताक्षर समारोह में जापान बैंक फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन (जेबीआईसी) के साथ जेपीवाई 2.65 बिलियन के लिए एक प्रोजेक्ट लोन एग्रीमेंट (पीएलए) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस पीएलए को 30 बिलियन जेपीवाई के लिए पीएफ़सी और जेबीआईसी के बीच हस्ताक्षरित सामान्य समझौते के तहत निष्पादित किया गया था।

इस सुविधा के तहत, जेबीआईसी ने पीएफसी की कुछ परियोजनाओं को वित्तपोषित करने का प्रस्ताव दिया है जो ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में प्रभावी कमी और वैश्विक पर्यावरण के संरक्षण को सुनिश्चित करती हैं।

परियोजना ऋण समझौते पर जेबीआईसी मुख्यालय टोक्यो, जापान में श्री आर.एस.ढिल्लों, सीएमडी, पीएफसी और श्री उचिदा मकोतो, प्रबंध कार्यकारी अधिकारी, जेबीआईसी, द्वारा श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, निदेशक (वित्त), पीएफसी; श्री संदीप कुमार, कार्यपालक निदेशक (वित्त), पीएफसी; श्री गोब काज़ुशिगे, महानिदेशक, जेबीआईसी और पीएफसी और जेबीआईसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए।

हस्ता/-

(एस.एस.राव)

मुख्य महाप्रबंधक(पीआर)